सत्यमेव जयते

# न्यायालय
# सहायक कलक्टर / उपखण्ड अधिकारी
## गुढामालानी—बाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी —केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)

प्रार्थना पत्र सं.:— 2025 / 203 दर्ज तिथिः— 22.05.2025

1. आम्बाराम पुत्र हुकमाराम
2. दौलाराम पुत्र आम्बाराम
3. नागजीराम पुत्र आम्बाराम
4. प्रभुराम पुत्र आम्बाराम
5. हेमराज पुत्र मोतीराम

जाति मेघवाल निवासी धांधलावास तहसील गुड़ामालानी जिला बाडमेर

..........प्रार्थीगण

**बनाम**

1. उदाराम पुत्र पोकरराम
2. जुगताराम पुत्र पोकरराम
3. भूदराराम पुत्र पोकरराम

जाति मेघवाल निवासी कलजी नगर ग्राम पंचायत नगर तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर

4. अगरा पुत्र दला
5. अन्तरोदेवी पत्नी भंवराराम
6. अल्ला पुत्र दला
7. कैलाश पुत्र तेजाराम
8. खानाराम पुत्र लखा
9. गोरखाराम पुत्र मेहराराम
10. चुतराराम पुत्र लखा
11. जमनादेवी पत्नी चम्पाराम
12. दिनेश कुमार पुत्र चम्पाराम
13. नाथाराम पुत्र मेहराराम
14. प्यारी पत्नी मेहराराम
15. प्यारीदेवी पत्नी मेहराराम
16. प्रकाश कुमार पुत्र तेजाराम
17. प्रतापा पुत्र दला

सहायक कलक्टर / उपखंड अधिकारी गुढ़ामालानी सत्यमेव जयते

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.07.10 11:23:40 IST
Reason: SelfAttested

18. प्रमोदकुमार पुत्र चम्पाराम
19. बाबूलाल पुत्र भंवराराम
20. भगवानाराम पुत्र तेजाराम
21. भलाराम पुत्र लखा
22. महेन्द्र पुत्र लखा
23. वाला पुत्र दला
24. सुरेश उर्फ रमेश पुत्र लखा
25. सांवलाराम पुत्र भंवराराम
26. हमीरा पुत्र दला
27. हीराराम पुत्र लखा
28. हीरो पत्नी तेजाराम

    जाति मेघवाल निवासी कलजी नगर ग्राम पंचायत नगर तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर।
29. अशोक कुमार पुत्र तेजाराम
30. कर्णावति पुत्र तेजाराम
31. टीलाराम पुत्र मोटाराम
32. ताराराम पुत्र गुणेशाराम
33. प्रशान्त पुत्र तेजाराम
34. बाबूराम पुत्र गुणेशाराम
35. शंकराराम पुत्र गुणेशाराम
36. हिन्दूराम पुत्र गुणेशाराम

    जाति मेघवाल निवासी कलजी नगर ग्राम पंचायत नगर तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर।
37. सांवताराम पुत्र पदमाराम

    जाति मेघवाल निवासी कलजी नगर ग्राम पंचायत नगर तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर।
38. अगरा पुत्र भीया
39. उषा पुत्र चेलाराम (नाबालिग)
40. गौतम पुत्र चेलाराम (नाबालिग)
41. चनणी पत्नी भीयाराम
42. दरिया पुत्र चेलाराम(नाबालिग)
43. नरेन्द्र पुत्र चेलाराम(नाबालिग)
44. मंजूदेवी पत्नी चेलाराम

    जाति मेघवाल निवासी कलजी नगर ग्राम पंचायत नगर तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर।

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.07.10 11:23:40 IST
Reason: SelfAttested

आम्बाराम बनाम उदाराम
2025/203
निर्णय दिनांकः—03.07.2025

...........असल अप्रार्थीगण

45. तहसीलदार गुड़ामालानी जिला बाड़मेर।

................तकमीली अप्रार्थीगण

उपस्थित अधिवक्ता
प्रार्थीः— स्वयं हेमराज
अप्रार्थीगणः— एकतरफा

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—128
राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956

## —:निर्णयः—

निर्णय तिथिः— 03.07.2025

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—128 राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956 वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की हाल आराजी खसरा संख्या 286/55/2.1323 है0 मौजा कलजी नगर पटवार मण्डल नगर तहसील गुड़ामालानी में स्थित है। उक्त वर्णित आराजी प्रार्थीगण की कब्जेकाश्त खातेदारी की आराजी है एवं आराजी पर प्रार्थीगण काबिज रहकर बिना किसी बाधा वो रूकावट के काश्त करते चले आ रहे है। उक्त खातेदारी आराजी से अप्रार्थीगण का कोई हक संबंध किसी प्रकार का नहीं है। अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की आराजी के कार्यकाश्त में बाधा डालते हैं। उक्त आराजी का मौके पर सीमांकन नहीं होने से प्रार्थीगण द्वारा सीमांकन कराए जाने बाबत तहसीलदार गुड़ामालानी के यहां प्रार्थना—पत्र पेश किया जिस पर तहसीलदार गुड़ामालानी के आदेश दिनांक 17.04.2025 की पालना में दिनांक 15.05.2025 को पटवारी हल्का नगर द्वारा उक्त आराजी का सीमांकन करवाया गया। परन्तु अप्रार्थीगण मौके पर असंतुष्ट होकर पैमाईश को नहीं मान रहे है तथा प्रार्थीगण की आराजी को अपनी आराजी में मिलाना चाहते है। अब प्रार्थीगण अपनी खातेदारी आराजी खसरा संख्या 286/55/2.1323 है0 मौजा कलजी नगर पटवार मण्डल नगर तहसील गुड़ामालानी तहसील गुड़ामालानी की पत्थरगढ़ी दिनांक 15.05.2025 की सीमाज्ञान रिपोर्ट के अनुसार कराना चाहते है। अंत में प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी उक्त की पत्थरगढ़ी मुताबिक पैमाइश के अनुसार कराए जाने के आदेश जारी करने का निवेदन किया गया।

2. प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया एवं अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। बाद विधिवत तामिल अप्रार्थीगण के अनुपस्थित रहने से अप्रार्थीगण के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गयी।

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.07.10 11:23:40 IST
Reason: SelfAttested

3. न्यायालय द्वारा विद्वान अधिवक्ता प्रार्थीगण की बहस सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना–पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी की मुताबिक पैमाइश दिनांक 15.05.2025 के अनुसार पत्थरगढ़ी के आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

4. मैंने बहस प्रार्थी अधिवक्ता पर मनन किया। प्रकरण में सर्वप्रथम राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–111 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः–

> ***111. Decision of disputes as to boundaries.—(1) In case of any dispute concerning any boundaries the Land Records Officer shall decide such dispute, so far as possible, on the basis of the existing survey maps and, where this is not possible or such maps are not available, on the basis of actual possession.***
>
> ***(2) If, in the course of an inquiry into a dispute under this section the Land Records Officer is unable to satisfy himself as to which party is in the possession or it if is shown that possession has been obtained by wrongful dispossession of the lawful occupants within a period of three months previous to the commencement of the inquiry, the Land Records Officer shall ascertain by summary inquiry who is the party best entitled to possession and shall then fix the boundary accordingly.***

5. राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–111 के अनुसार खसरों की सीमाओं के विवाद को हाल राजस्व नक्शे के अनुसार तथा हाल राजस्व नक्शे के उपलब्ध न होने पर वास्तविक कब्जे के आधार पर निस्तारित किये जाने के प्रावधान बनाये गये है। खसरों की सीमाओं के विवाद को निस्तारित करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–128 के तहत प्रावधान बनाये गये है। अतः प्रकरण में साथ ही राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–128 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः–

> ***128. Boundary disputes. - All disputes concerning boundaries shall be decided by the Land Record Officer in the manner laid down in section 111:***
>
> ***Provided that applications in relation to boundaries of fields may be made to and disposed of by the Tehsildar in cases where there exists no dispute as to such boundaries but on account of the absence of proper boundary marks there is the likelihood of such a dispute arising.***

6. उक्त विधिक प्रावधानों के संदर्भ में पत्रावली पर संलग्न दस्तावेजात् जमाबंदी सम्वंत 2075–2078 ग्राम कलजी नगर में राजस्व इन्द्राज एवं तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा किये

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.07.10 11:23:40 IST
Reason: SelfAttested

गये सीमांकन रिपोर्ट का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। बाद अवलोकन पाया गया कि पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड के अंकित इन्द्राज के अनुसार उक्त आराजी प्रार्थीगण की सालिम खातेदारी की आराजी होना साबित है। साथ ही संलग्न रिपोर्ट पैमाइश दिनांक दिनांक 15.05.2025 से भी यह तथ्य प्रार्थीगण साबित है कि प्रार्थीगण द्वारा तहसीलदार गुड़ामालानी के माध्यम से हल्का पटवारी से युक्त वर्णित आराजी की पैमाइश कराई जा चुकी है। सीमाज्ञान रिपोर्ट में पटवारी हल्का द्वारा मौके पर मुस्तकिल बिन्दु मानकर सीमाज्ञान किया। मौके पर प्रार्थीगण को सीमाचिह्न बताकर प्रार्थीगण को संतुष्ट किया गया है। तहसीलदार रिपोर्ट के अनुसार उक्त वर्णित आराजी की खसरे की सीमाओं को लेकर अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद है। इस प्रकार प्रार्थीगण की अपनी कब्जेशुदा खातेदारी आराजी की सुरक्षा तथा सीमा विवाद के निस्तारण हेतु पत्थरगढ़ी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर आदेश जारी किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

**प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण अंतर्गत धारा–128 भू–राजस्व अधिनियम–1956 के बाबत् पत्थरगढ़ी किये जाने का स्वीकार किया जाता है। हाल आराजी खसरा संख्या 286/55/2.1323 है0 मौजा कलजी नगर पटवार मण्डल नगर तहसील गुड़ामालानी पर प्रार्थीगण एवं संबंधित पक्षकारों/हितधारकों की पूर्व सूचित उपस्थिति में खातेदारी आराजी पर मुताबिक सीमाज्ञान पत्थरगढ़ी कर सीमा निर्धारण किये जाने के आदेश तहसीलदार गुड़ामालानी को दिये जाते हैं एवं साथ ही निर्देश दिये जाते हैं कि अप्रार्थीगण को मौके पर उपस्थित रहने बाबत जरिये नोटिस पूर्वसूचित करते हुए पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट न्यायालय को अवगत करायें। पक्षकार अपना–अपना खर्चा स्वयं वहन करेंगे।**

आदेश प्रति पालनार्थ हेतु तहसीलदार गुड़ामालानी को भिजवाई जावें। अहकाम पृथक से जारी किया जावे।

यह आदेश मेरे द्वारा आज दिनांक 03.07.2025 को लिखवाया जाकर सरे–इजलास सुनाया जाकर हस्ताक्षर व मोहर युक्त जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
गुढामालानी (बाड़मेर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.07.10 11:23:40 IST
Reason: SelfAttested